आईआईएम रांची में अब इंटरनेशनल फैकल्टी भी लेंगे क्लास

आईआईएम रांची में अब इंटरनेशनल फैकल्टी भी लेंगे क्लास, तीन माह से दो साल तक के लिए होंगे नियुक्त

सिटी रिपोर्टर|रांची

आईआईएम रांची में अब दूसरे देशों के मैनेजमेंट शिक्षक भी क्लास लेंगे। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके तहत दूसरे देश के मैनेजमेंट यूनिवर्सिटीज के शिक्षकों से आवेदन मांगे जा रहे हैं। साथ ही आईआईएम रांची प्रबंधन की ओर से दूसरे देश के मैनेजमेंट संस्थानों से भी विजिटिंग फैकल्टी के लिए संपर्क किया जा रहा है। आईआईएम रांची के निदेशक दीपक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि हमने स्ट्रेटेजिक प्लान 2030 निर्धारित किया है। इसके तहत एजुकेशन, इंटरनेशनल कोलाब्रेशन, इंपैक्टफुल रिसर्च व सोशल इंपेक्ट शामिल है। हमारा लक्ष्य है इंटरनेशनल एक्रीडिटेशन प्राप्त करना। इसके तहत हम दूसरे देशों के मैनेजमेंट शिक्षकों को अपने संस्थान में बुलाएंगे। जो तीन माह से दो साल तक संस्थान में रह कर छात्रों को शिक्षित करेंगे। इसमें नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

छात्रों को मिलेगा ग्लोबल एक्सपोजर : दूसरे देशों के फैकल्टी आने से छात्रों को ग्लोबल एक्सपोजर मिलेगा। छात्र दूसरे देशों की प्रबंधन शिक्षा को समझ सकेंगे, बहुसंस्कृतिवाद एवं विविधता को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही संस्थान को अंतरराष्ट्रीय मानकों जैसे एएसीएसबी, इक्यूयूआईएस से एक्रिडिटेशन प्राप्त करने में सहयोग मिलेगा। जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मैनेजमेंट संस्थान के रूप में पहचान मिलेगी।

आने वाले कुछ माह में इसकी प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी। जिसके अंतर्गत 10 से ज्यादा विदेशी शिक्षकों को इंटरनेशनल विजिटिंग फैकल्टी के पद पर नियुक्त किया जाएगा। बताते चलें अभी आईआईएम रांची में 61 फैकल्टी सेवा दे रहे हैं। जो सेकेंड जेनरेशन आईआईएम में सबसे ज्यादा हैं।

Dainik Bhaskar_09.02.2024_Pg. 06